Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding expeditious construction of Forbesganj Airstrip-laid.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (**अररिया**): सन् 1962 में भारत-चीन युद्ध के पश्चात फारबिसगंज हवाई पट्टी का निर्माण किया गया था| वर्तमान में भारत-चीन के बीच शीत युद्ध जैसी स्तिथि उत्पन्न होने के कारण, सुरक्षात्मक दृष्टि से इस हवाई पट्टी को फिर से संचालित करने की अत्यंत आवश्यकता है, वर्तमान समय़ में यहां के लोगों को हवाई यात्रा करने के लिए करीब 200 किलोमीटर की यात्रा कर बागडोगरा या फिर दरभंगा जाना पड़ता है । इस हवाईपट्टी के शुरू हो जाने से फॉरबिसगंज से नेपाल की राजधानी काठमांडू, जनकपुर, पोखरा के अलावा पटना, दिल्ली, लखनऊ, रांची, भारत की सांस्कृतिक व धार्मिक नगरी वाराणसी एंव अन्य स्थानों पर जाना आसान हो जाएगा । अत: माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वर्षो से लंबित इस हवाई पट्टी को रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रण में जल्द से जल्द शुरू किया जाए ।